KIDS WORLD SCHOOL

SESSION – 2025-26

ANNUAL CURRICULUM PLANNER

CLASS – X

SUBJECT – HINDI

| MONTH | NAME OF THE LESSON | NUMBER OF PERIODS | CURRICULAR AIMS | CURRICULAR GOALS | COMPETENCIES | LEARNING OUTCOMES | TEACHING LEARNING PLANNED ACTIVITIES | SUGGESTED EVALUATION/ ASSESSMENT |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| APRIL | पाठ 8 – बड़े भाई साहब | 6 | पारिवारिक सदस्यों के प्रेम संबंध का उदाहरण देना। लेखक मुंशी प्रेमचंद और उनके लेखन शैली को जान सकें। | परिवार में भाइयों के प्रति प्रेम संबंध का निर्माण तथा जीवन की सच्चाई से अवगत होना। बड़े भाई साहब ' पाठ का आशय , विषय – वस्तु और हास्य – व्यंग्य को समझ सकें। | जीवन में पारिवारिक संबंध बनाए रखने की समझ तथा बड़ों के उत्तरदायित्व का ज्ञान। व्यंग्यात्मक लेखन शैली और नैतिक संदेश की समझ प्राप्त होना। | पारिवारिक संबंधों का ज्ञान, व्यावहारिकता की समझ, जीवन की सच्चाई से अवगत होना। पारिवारिक संबंधों, अनुशासन और आत्म – अनुभव की भावना का निर्माण होना। | 'किताबी ज्ञान अधिक महत्त्वपूर्ण है या अनुभव' पाठ के इस मुख्य बिंदु पर वाद – विवाद को संचालित करना। | मौखिक प्रश्नोंत्तर कार्य पात्र परिचय वर्णनात्मक प्रश्नों पर विचार–विमर्श वैकल्पिक प्रश्नों का समावेश |
| | कविता 1 – साखी | 4 | दोहों का संबंध दैनिक जीवन से उदाहरण द्वारा जोड़कर बताना। | विद्यार्थियों में जीवनयापन हेतु आवश्यक बातों से अवगत् कराना। | विभिन्न उदाहरणों द्वारा जीवन में करने वाले कार्य के प्रति सचेत होना। | भाषा , ईश्वर , व्यवहार ,विचार तथा निंदक विचार से अवगत होना। | मीठी वाणी /बोली संबंधी व ईश्वर प्रेम संबंधी दोहों का संकलन कर सुंदर अक्षरों में लिखकर प्रस्तुत करे। | विभिन्न दोहों का मौखिक रूप से अर्थ स्पष्टीकरण करना। |

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | विद्यार्थी कबीर की भाषा शैली और विचारों को समझ सकें। पारिवारिक संबंधों की समझ विकसित करना। | गुरू शिष्य को जीवन के तत्वज्ञान की शिक्षा देना। नैतिक मूल्यों और आत्मसम्मान की भावना को जागृत करना। | नैतिक मूल्यों और सामाजिक चेतना को आत्मसात करना। समाज में परिवार धर्म और संपत्ति के प्रति सही दृष्टिकोण को अपनाना। | सही विचार धारा का निर्माण होना। जीवन के अपने आत्मसम्मान , अधिकार और न्याय के प्रति जागृत होना। | | |
| | व्याकरण– मुहावरे, | 2 | मुहावरों के अर्थ तथा प्रयोग का ज्ञान देना। | उचित प्रकार से मुहावरों का अर्थ तथा प्रयोग कर पाना। | विभिन्न प्रकार के प्रश्न मुहावरों पर आधारित को समझ कर हल कर सकेगे। | मुहावरों पर आधारित प्रश्नों को आसानी से हल कर पाना। | विभिन्न प्रकार के प्रश्न जो मुहावरों पर आधारित है, हल करना। | विभिन्न प्रश्नों को सम्मुख प्रदर्शन कर उत्तर की जाँच करना। |
| JUNE | पाठ 9– डायरी का एक पन्ना | 5 | आज़ादी के लिए लड़ाई करने वाले व्यक्ति का साहस दिखना। पाठ के भावार्थ को समझ सकें और आत्मनिरीक्षण की आवश्यकता को जान सकें। | देश के प्रति अपने कर्तव्य के प्रति जागृत होना। संवेदनशीलता , सहानुभूति और सामाजिक उत्तरदायित्व के मूल्यों को आत्मसात कर सकें। | भविष्य में किसी भी संकट पर एक होने की भावना जागृत हुई। | स्वतंत्रता सैनानियों के प्रति प्रेम भावना उत्पन्न होना। पाठ में वर्णित भावनात्मक गहराई को महसूस करना। | डायरी का एक पन्ना पाठ में हुए कार्यो को प्रवाह चार्ट के माध्यम से दशाइए। | मौखिक प्रश्नोंत्तर कार्य वर्णनात्मक प्रश्नों पर विचार–विमर्श वैकल्पिक प्रश्नों का समावेश |

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | कविता 2 – पद | 4 | मीरा के भक्तिभाव का दिखाई देना। मीरा बाई के जीवन और भक्ति भाव को समझ सकें। | ईश्वर के प्रति आस्था का निर्माण होना। कविता का आशय, शैली और रचनात्मक सौदर्य की समझ। | ईश्वर के प्रति भक्ति भाव जागृत होना। भगवान के प्रति प्रेम और समर्पण की भावना को आत्मसात करना। | मीरा की भक्ति भावनाओं से अवगत होना। कृष्ण के सौदर्य और सामर्थ्य का ज्ञान प्राप्त होना। | मीरा का संक्षिप्त जीवन परिचय चित्र के साथ प्रस्तुत कीजिए। | दोनों पदों की प्रत्येक पंक्ति का आशय स्पष्ट कीजिए। |
| JULY | पाठ 10 – तताँरा वामीरो कथा | 5 | कहानी के प्रति रोचकता का निर्माण होना। युगल द्वारा दिए गए बलिदान को प्रस्तुत करना। | लोककथा के प्रति रूझान उत्पन्न होना। प्रेम द्वारा सामाजिक रूढ़िवादिता को बदला जा सकता है। | जीवन में हमेशा त्यागमयी भावना पूर्ण रहना। तत्कालीन बलिदान की जानकारी से रूढ़िता को दूर करने में सहायक। | प्राचीन कथा से अवगत होना। समयानुसार अपने समाज के नियमों में सुधार करना। | अंदमान तथा निकोबार में समानता तथा भिन्नता की जानकारी प्राप्त कर लिखिए। | मौखिक प्रश्नोंत्तर कार्य वर्णनात्मक प्रश्नों पर विचार–विमर्श वैकल्पिक प्रश्नों का समावेश |
| | कविता 3 – मनुष्यता | 6 | एक मनुष्य का दूसरे मनुष्य के प्रति परोपकार को उदाहरण के साथ स्पष्ट करना। | एक मनुष्य को दूसरे मनुष्य की किस प्रकार सहायता करना चाहिए इसका उदाहरण द्वारा समझ आना। | मानवता , संवेदनशील , मनुष्य जीवन की सार्थकता तथा जीवन में मूल्यों की अहम भूमिका को अपनाना। | आत्मविश्वास , चिंतन ,मनन तथा संवेदनशील भावनाओं का निर्माण होना। महत्त्वपूर्ण पात्रों के जीवन से प्रेरणा लेना सीखा। | वर्तमान समय में ऐसे दो व्यक्तियों की जानकारी प्राप्त कीजिए , जिन्होंने संकट के समय मनुष्यता दिखाई हो , उसे कक्षा में साँझा कीजिए। | वैकल्पिक प्रश्नों तथा हर पद का अर्थ पूछकर समझ की जाँच करना। |

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | व्याकरण– समास, पत्र लेखन, अनुच्छेद लेखन | 7 | समास को विद्यार्थियों के समझ के अनुसार स्पष्ट करना ।<br>पत्र तथा अनुच्छेद लेखन को प्रारूप के अंतर्गत लिखना तथा समझना। | समास को विभिन्न उदाहरणों द्वारा हल करना।<br>पत्र और अनुच्छेद को प्रारूप के अंतर्गत लिखने में आसानी। | सामासिक पदों की पहचान कर सकेगे। किसी भी जानकारी को अपने शब्दों में वर्णन करने की समझ। भविष्य में पत्र व्यवहार करने में सक्षम। | प्रारूप के अंतर्गत पत्र लेखन तथा अनुच्छेद लेखन कार्य करना। | विभिन्न प्रकार के प्रश्नों को प्रस्तुत कर उत्तर लिखने की गतिविधि को करना। | प्रारूप के अंतर्गत पत्र लेखन तथा अनुच्छेद लेखन की रचना करना। |
| | कविता 4 – पर्वत प्रदेश में पावस | 4 | पर्वत देश ने वर्षा ऋतु से होनेवाले बदलाव को बताना।<br>प्रकृति के सौदर्य को समझने और महसूस करने की संवेदनशीलता विकसित करना। | वर्षा ऋतु से होने वाले बदलाव को महसूस करना। कविता के माध्यम से पर्वतीय वर्षा ऋतु की कल्पनात्मक चित्रण को महसूस करना। | प्राकृतिक वातावरण को बचाए रखने की भावना उत्पन्न होना। वर्षा ऋतु की सुंदरता को देखना व महसूस करना। | नैसर्गिक वातावरण्रा के प्रति रूझान उत्पन्न होना। पर्वतीय प्रदेश के विचरण हेतु रूचि निर्माण होना। | इंद्रधनुष , बादल, पक्षी, पानी, फूल आदि कोई भी प्रकृति विषयक शब्द का प्रयोग करते हुए कविता लिखिए। | विभिन्न प्रश्नों के माध्यम से कविता की समझ ज्ञात करना। |
| AUGUST | व्याकरण – पदबंध, रचना के आधार पर वाक्य रूपांतरण | 10 | रचना के आधार पर वाक्य रूपांतरण तथा पदबंध को विभिन्न उदाहरणों द्वारा समझाना। | रचना के आधार पर वाक्य रूपांतरण तथा पदबंध को विभिन्न उदाहरणों द्वारा हल करना। | पदबंध तथा रचना के आधार पर वाक्य रूपांतरण करने की समझ तथा भविष्य में उपयोग करने में सक्षम। | वाक्य के रूप तथा परिवर्तन में सहायक होना । | रचना के आधार पर कोई 5 वाक्यों का निर्माण करना। प्रत्येक पदबंध के कोई 5 उदाहरण की सूची निर्माण करना। | विभिन्न प्रश्नों को सम्मुख प्रदर्शन कर उत्तर की जाँच करना। |

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| SEPTEMBER | कहानी 1 – हरिहर काका | 6 | हरिहर काका के साथ हुए व्यवहार की जानकारी प्राप्त होना। | अपनी संपत्ति के प्रति जीवित रहने तक अधिकार न समाप्त करने की समझ। | भविष्य में अपनी संपत्ति पर अपना अधिकार रखने का ज्ञान प्राप्त। | मनुष्य के समय के साथ बदलते रूप की पहचान होना । | यदि आप हरिहर काका होते तो क्या करते ? अपने विचार प्रस्तुत कीजिए। | विभिन्न वर्णनात्मक प्रश्नों को पूछकर उसके उत्तर देने की प्रक्रिया की जाँच करना। |
| | व्याकरण – सूचना लेखन विज्ञापन लेखन लघुकथा लेखन ई–मेल लेखन | 4 | विज्ञापन लेखन तथा सूचना लेखन को प्रारूप के अंतर्गत लिखने की जानकारी मिलना। | सूचना लेखन तथा विज्ञापन लेखन को प्रारूप के अंतर्गत लिखने में सरलता का निर्माण होना। | लघुकथा लेखन तथा ई–मेल लेखन को प्रारूप के अंतर्गत लिखना व समझना। | सूचना लेखन, विज्ञापन लेखन में सरलता । लघुकथा लेखन व ई–मेल लेखन में सरलता । | विभिन्न प्रकार के प्रश्नों को प्रस्तुत कर उत्तर लिखने की गतिविधि को करना। | प्रारूप के अंतर्गत सूचना लेखन, विज्ञापन लेखन, लघुकथा लेखन तथा ई–मेल लेखन की रचना करना। |
| OCTOBER | कहानी 2 – सपनों के – से दिन | 5 | पाठशाला के महत्त्व को पाठ के आधार पर समझना । छात्र लेखक की संवेदनशीलता , संघर्ष और आत्मावलोकन को पहचान सके। | भविष्य में पाठशाला में बिताए गए दिन को सपनों की तरह देखना। सामाजिक चेतना और मानवीय संवेदनाओं को समझने की क्षमता विकसित करना। | पाठशाला के दिनों की मधुर स्मृतियों की समय – समय पर चर्चा व यादगार रहना। पाठशाला के दिनों का महत्त्व समझना और उसकी स्मृति को महसूस करना। | बचपन की यादों का ताज़ा होना। शिक्षकों के व्यवहार तथा बाल्य अवस्था की भावना के प्रति समझ उत्पन्न होना। | पाठशाला में बिताए गए अच्छे दिनों का वर्णन एक अनुच्छेद लिखकर करना। | विभिन्न वर्णनात्मक प्रश्नों को पूछकर उसके उत्तर देने की प्रक्रिया की जाँच करना। |

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | कविता 5 – तोप | 3 | तोप की स्थिति के बारे में जानकारी प्राप्त होना। | कितनी भी बड़ी वस्तु हो उसका अंत एक न एक दिन होता ही है। | भविष्य में किसी भी कंपनी पर सोच – समझकर विश्वास करे। और अपनी स्वतंत्रता को संभालकर रखे। | स्वतंत्र भारत पर अभिमान होना। किसी भी कंपनी पर पूर्ण विश्वास न करना, जिसके इरादे नेक न हो। | आपके शहर में पुरानी धरोहर के रूप में क्या – क्या उपस्थित है , उसकी सूची निर्माण कीजिए। | मौखिक प्रश्नोंत्तर कार्य वर्णनात्मक प्रश्नों पर विचार–विमर्श वैकल्पिक प्रश्नों का समावेश |
| | पाठ 11 – तीसरी कसम के शिल्पकार शैलेंद्र | 5 | तीसरी कसम फिल्म के बारे में विस्तृत जानकारी मिलना। | फिल्म की सफलता के बारे में जानकारी प्राप्त होना। | शैलेंद्र के व्यक्तित्व से प्राप्त गुणों को जीवन में अपनाना। | फिल्म की सफलता और असफलता का ज्ञान प्राप्त होना। | वर्तमान दौर की फ़िल्मों और पहले की फ़िल्मों में क्या समानता और अंतर है ? स्पष्ट कीजिए। | मौखिक प्रश्नोंत्तर कार्य वर्णनात्मक प्रश्नों पर विचार–विमर्श वैकल्पिक प्रश्नों का समावेश |
| NOVEMBER | पाठ 12 – अब कहाँ दूसरे के दुख से दुखी होने वाले | 5 | दूसरों के दुख से दुखी होने वाले लोगों की जानकारी प्राप्त हुई। पृथ्वी पर सबका समान अधिकार को बताना। | किसी भी प्राणी के दुख को समझना तथा महसूस करना और उसे दूर करने की कोशिश करना। जीव – जंतु के प्रति प्रेम भावना उत्पन्न कराना। | प्राणियों पर दया करने की भावना जागृत होना। प्रणियों के संरक्षण के लिए उचित कदम उठाने का प्रयास करना। | पुराने समय में मानवीय भावनाओं का पता चलना। प्राणियों पर प्रेम तथा दया की भावना उत्पन्न होना। | अपने आसपास प्रतिवर्ष एक पौधा लगाइए और उसकी समुचित देखभाल कर पर्यावरण में आए असंतुलन को रोकने का प्रयास कीजिए। | मौखिक प्रश्नोंत्तर कार्य वर्णनात्मक प्रश्नों पर विचार–विमर्श वैकल्पिक प्रश्नों का समावेश |

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | पाठ 13 – पतझर में टूटी पत्तियाँ | 5 | प्रतियोगिता के इस युग में जापानियों को प्राप्त **झेन की देन की सार्थकता।** ऐसे व्यक्तियों की समझ जो जगत को जीने और रहने योग्य बनाए हुए है। | जापानियों को प्राप्त झेन की देन का वर्णन करना तथा जीवन में व्यावहारिकता का गुण अपनाना। | व्यवहारिकता , नैतिक मूल्यों , एकाग्रता तथा समस्या समाधान जैसे बातों को अपनाना। एक जागरूक और सक्रिय नागरिक बनने की आवश्यकता। | गतिवान समय में मन की शांति के **उचित साधनों का उपयोग करना।** जीवन में व्यावहारिकता को अपनाना। | भारत में चाय की पैदावार किस जगह होती है तथा चाय की विशेषता पर प्रकाश डालिए। | आपके मानसिक स्थिति को शांत करने हेतु उचित कदम का वर्णन। |
| DECEMBER | कविता 6 – कर चले हम फ़िदा | 4 | देश के प्रति सैनिकों की भावनाएँ तथा अंग्रेजों के प्रति भरी नफरत का पता चलना। | देश को मिली आजादी बहुत ही अनमोल है उसे संभाल कर रखने की भावना को जागृत करना । | देश के प्रति प्रेम भावना को बनाए रखना तथा देश के लिए बलिदान की भावना जागृत होना। | देशभक्ति की भावना उत्पन्न होना, देश के प्रति कर्तव्य को निभाने की भावना का विकास, मित्र संबंधी प्रेम संबंधों का ज्ञान व बाल्य अवस्था की भावनाओं का ज्ञान । | ऑपरेशन सिंदूर का उद्देश्य तथा पूर्ण करने की भूमिका पर अनुच्छेद लिखिए। | मौखिक प्रश्नोंत्तर कार्य वर्णनात्मक प्रश्नों पर विचार–विमर्श वैकल्पिक प्रश्नों का समावेश |

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | कविता 7 आत्मत्राण | 4 | लेखक का ईश्वर से आत्मबल की प्रार्थना करना। प्रभु में सब कुछ संभव कर देने का सामर्थ्य है, परंतु अपने सामर्थ्य को पहचानना। | अपने जीवन में आत्म बल और साहस को निर्माण करना। ईश्वर पर विश्वास परंतु अपने पौरूष पर कवि का विश्वास का ज्ञान कराना। | जीवन में साहसिक कार्य करने की प्रेरणा प्राप्त होना। कवि का स्वयं संघर्ष करने की प्रार्थना से सीख हासील कर जीवन में अपनाना। | विपदा में भयभीत न होना, आत्मनिर्भर बनना तथा दुख के समय भी ईश्वर पर शंका न करना। | रवीद्रंनाथ ठाकुर को नोबेल पुरस्कार पाने वाले पहले भारतीय होने का गौरव प्राप्त है। ऐसे अन्य भारतीय की सूची तैयार कीजिए। | अपने आत्मबल के लिए किए जाने वाले कार्यो को मौखिक रूप से वर्णन करना। |
| | पाठ 14 – कारतूस | 4 | देश के प्रति कर्तव्य बोध, निर्भय बनाना। | सेनानियों के प्रति सम्मान का भाव जगाना। रचनात्मक चिंतन विकसित करना। | संवादात्मक शैली को अपनाना , संवाद करने में रूचि निर्माण होना। | देश के प्रति कर्तव्य , साहस व निडरता की भावना जागृत होना। | ‘एकांकी’ और ‘नाटक’ में क्या अंतर है। कुछ नाटकों और एकांकियों कर सूची तैयार कीजिए। | मौखिक प्रश्नोंत्तर कार्य वर्णनात्मक प्रश्नों पर विचार–विमर्श वैकल्पिक प्रश्नों का समावेश |
| | कहानी 3 – टोपी शुक्ला | 5 | टोपी शुक्ला का अपने मित्र के प्रति प्रेम संबंध का ज्ञान होना। | एक बालक की विभिन्न परिस्थितियों में बदलती भावनाओं की समझ आना तथा उस भावना को समझ कर उसे उचित सहारा प्रदान करना। | बाल्यवस्था की भावना की जानकारी प्राप्त होना। | किसी भी बालक की मानसिक स्थिति को समझने में सक्षम होना। | अपने बाल्य अवस्था में हुए मानसिक बदलाव की कोई घटना का वर्णन कीजिए। | विभिन्न वर्णनात्मक प्रश्नों को पूछकर उसके उत्तर देने की प्रक्रिया की जाँच करना। |